साई नाथ की चली पालकी गूंज रहे जैकारे

चलो चले चलो चलो चलो चले.

साई नाथ की चली पालकी गूंज रहे जैकारे,
चलो चलो शिरडी की नगरियां साई नाथ के द्वारे,

हुए मगन साई के दीवाने झूम के दुनिया नाचे,
चले साथ में हठी घोड़े शोभा प्यारी लागे,
लगे निराले देखो साई ये महाराज हमारे,
साई नाथ की चली पालकी गूंज रहे जैकारे,

बरस रहे फूल गगन से झूमे देवता सारे,
करे वन्दना साई नाथ की देखो चाँद सितारे,
हिन्दू मुश्लिम सिख ईसाई करते सेवा सारे,
साई नाथ की चली पालकी गूंज रहे जैकारे,

बड़े दिनों के बाद दीवानो वक़्त सुहाना आया,
गली गली में साई नाथ का झंडा ये लहराया,
कोई चूमे साई चरण को आरती कोई उतारे,
साई नाथ की चली पालकी गूंज रहे जैकारे,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7075/title/sai-nath-ki-chali-palki-gunj-rahe-jaikaare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |